दुर्गा पूजा महोत्सव में व्यापार मंच ने लगाया सेवा एवं सहायता शिविर

पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी ने किया उद्घाटन

सुलतानपुर ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर काउंसिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच, सुलतानपुर द्वारा चौक घंटाघर पर लगाए गए सेवा एवं सहायता शिविर का शुभारंभ मंगलवार देर शाम उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी ने किया। शिविर का उद्देश्य श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों की सेवा, सुरक्षा तथा जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर बेहतर व्यवस्था में सहयोग करना है। दुर्गा पूजा महोत्सवम में जनपद के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ व जिला सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव को अंग वस्त्र पह नाकर सम्मानितकिय गयालाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने व्यापारियों के लिए ?15 लाख के नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा की मांग उठाई। मुख्य अतिथि सत्येंद्र बारी ने व्यापारियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए बताया कि उन्होंने व्यापारियों की



समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री से व्यापारी सुरक्षा आयोग के गठन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज समृद्ध होगा, तभी देश समृद्ध होगा। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव सिंह ने महोत्सव में कार्यकर्ताओं के सेवा-समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष मदन सिंह, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, मंडल प्रभारी अशोक कसौधन, प्रवीण अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश माहेश्वरी, अश्वनी वर्मा, रवि सोनी, प्रवीण पाठक सहित अनेक पदाधिकारी, व्यापारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण पाठक ने किया **सीताकुण्ड पर कलावा एवं कौडी से सुसज्जित मां की प्रतिमा बनी आकर्षण का केन्द्र** स्थानीय सीताकुण्ड पर दुर्गा पूजा महोत्सव में हर वर्ष कुछ अलग ही तरह की मां की प्रतिमा निर्मित व सुसज्जित की जाती है,इस साल भी मां की प्रतिमा कौडी व कलावे से बनाई गई है जिसकी खूबसूरती निहारते ही रह जा रहे हैं वहां पहंचने वाले श्रद्धालु ।मां की प्रतिमा केसाथ खूब सेल्फी ले रहे हैं इसके पूर्व वर्षों में भी मां प्रतिमा माचिस की तीली,काजू-बादाम,एक रूपये के सिक्के लौंग-इलायची,चूडी,पेंसिल-रबर,इत्यादि से बनाई गयी थी।श्री दुर्गा माता पूजा समिति सीताकुण्ड द्वारा यह मां का पूजा पाण्डाल लगभग चालीस वर्षों से अनवरत मां दुर्गा जी के आशीर्वाद से से लगाई जा रही है।

ग्राम सेमरहना, नौसर गुमटिहा व सैय्यदनगर में निर्मित होगा स्वास्थ्य उपकेन्द्र

बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा तहसील व परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम बौडी में खसरा/गाटा संख्या 1338 के क्षेत्रफल 0.1200 हेक्टेयर में से 0.0400 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती, तहसील व परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम सैय्यदनगर में खसरा/गाटा संख्या 748 के क्षेत्रफल 0.2450 हेक्टेयर में से 0.0400 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम नौसर गुमटिहा में खसरा/गाटा संख्या 570 की 0.0280 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के परगना धर्मापुर अन्तर्गत ग्राम सेमरहना में खसरा/गाटा संख्या 4/1 मि0 के क्षेत्रफल 0.04870 हेक्टेयर में से 0.330 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती भूमि का आवंटन सम्बन्धित ग्रामों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र के निर्माण हेतु प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, उ.प्र. शासन लखनऊ के पक्ष में किया गया है। इसी प्रकार तहसील व परगना नानपारा अन्तर्गत ग्राम बौडी में बी. पैक्स बन्दूपुरवा के भवन निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 1338 के क्षेत्रफल 0.120 हेक्टेयर में से 0.080 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि श्रेणी 5-1 नवीन परती का आवंटन प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग, उ.प्र. शासन लखनऊ के पक्ष में किया गया है।

एमएलसी चुनाव की तैयारियों का जायजा, डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

माधौगंज (हरदोई)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड शिक्षक एवं लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय माधौगंज स्थित मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। मतदाताओं को अपने मतदेय स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए परिसर में पर्याप्त संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए गए।

एक नजर

बरामदे से चोरी कर रहे चोर को घर मालिक ने पकडा

मुसाफिरखाना अमेठी। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे गुलाम हैदर मजरे जाखा शिवपुर में घर के बरामदे से चोरी कर रहे चोर को घर मालिक ने मय सामान के रंगे हांथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मो0 अब्बास पुत्र मो0 सब्बीर निवासी पूरे गुलाम हैदर मजरे जाखा शिवपुर थाना मुसाफिरखाना के घर के बरामदे मे रखा हुआ ट्रैक्टर थ्रेशर के दो शॉफ्ट व ट्रैक्टर का हिच गाँव का ही एक शातिर चोर मो0 कैफपुत्र मो0 पुत्र मो0 शकील निवासी तकिया जमुआरी थाना मुसाफिरखाना चोरी कर भागने ही वाला था कि मो0 अब्बास ने उसे भागने के पहले ही पकड़ कर एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर मुसाफिरखाना पुलिस मय चोरी के सामान के साथ सौंप दिया।पुलिस ने बताया कि शातिर चोर मो0 कैफके विरुद्ध अमेठी और सुल्तानपुर जिले में कुल छः आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंटरसिटी एक्सप्रेस पर पथराव से गार्ड घायल

अमेठी । वाराणसी लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस पर मंगलवार शाम एक अज्ञात युवक की ओर से फेंका गया पत्थर ट्रेन के गार्ड को लग गया जिससे वह घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8रू50 बजे अमेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर पर बिराहिमपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास वाराणसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस संख्या 24203 जब इस स्थान से गुजर रही थी तभी एक अज्ञात युवक ने ट्रेन पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर ट्रेन के गार्ड हरिकेश को लगा जिससे वह घायल हो गए। घटना की जानकारी रेलवे अधिकारियों को दी गई जिसके बाद स्टेशन मास्टर और जीआरपी को सूचित किया गया।घायल गार्ड का उपचार कराया गया। उपचार के बाद उन्होंने जीआरपी को लिखित शिकायत दी। गार्ड की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जीआरपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पथराव करने वाले व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जीआरपी एसओ चंचल कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण - डीएम

अमेठी । विकास भवन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। किसान दिवस में किसानों ने गोवंश संरक्षण खाद की उपलब्धता टिकरिया माइनर की सिल्ट सफाई गांवों में मृत पशुओं के उठान जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों की प्रतिपूर्ति सहित कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने किसानों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। किसानों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का प्रभावी समाधान शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

नेत्र शिविर में 275 मरीजों का हुआ उपचार

अमेठी आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में नेत्र रोगियों की गहन जाँच की गई और मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने पर 22 मरीजों को आगे के निरूशुल्क ऑपरेशन के लिए अमेठी आई हॉस्पिटल भेजा गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष अनंत विक्रम सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शांभवी सिंह ने मरीजों की देखभाल और उन्हें बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने में सक्रिय योगदान दिया।शांभवी सिंह ने कहा कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर उपचार मिलना और उसके चेहरे पर संतोष की मुस्कान देखना ही जनसेवा का सच्चा प्रतिफल है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक निस्वार्थ भाव से सहायता पहुँचाना ही उनका मूल संकल्प है।इस मौके पर विनोद कुमार कन्नौजिया पवन ओझा दिलीप विश्वकर्मा कौशल दुबे सुरेंद्र वर्मा विकास तिवारी दिनेश मणि पांडेय राम अभिलाष यादव सजनलाल जायसवाल जय प्रकाश यादव रिंकू सिंह महेंद्र सिंह अजय सिंह सहिततमाम लोग मौजूद रहे।

जिले में कल शराब की सभी दुकानें रहेंगी बंद

अमेठी। गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद अमेठी में मतदान दिवस 23 अक्टूबर 2026 को मद्यनिषेध दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने आदेश जारी करते हुए जनपद में स्थित समस्त संबंधित आबकारी अनुज्ञापनों को मतदान दिवस पर बंद रखने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ग के प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 23 अक्टूबर को जनपद में देशी शराब विदेशी मदिरा बीयर मॉडल शॉप भांग की थोक एवं फुटकर दुकानों सहित संबंधित आबकारी अनुज्ञापन बंद रहेंगे।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उक्त बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा शुल्क देय नहीं होगा। जिला प्रशासन ने निर्वाचन के दौरान शांति कानून-व्यवस्था एवं आदर्श निर्वाचन व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

स्नातक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पर अपनों ने उठाए सवाल, कार्यकर्ताओं की नाराजगी चर्चा में

हरदोई। लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव की सरगर्मी के बीच भाजपा प्रत्याशी अवनीश सिंह को लेकर संगठन के भीतर उठे सवालों ने राजनीतिक चर्चा तेज कर दी है। मल्लावां नगर इकाई के महामंत्री एवं नामित सभासद वीरेंद्र मिश्रा 'बाबा' के बयान ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और प्रत्याशी के जनसंपर्क को लेकर बहस छेड़ दी है। अवनीश सिंह हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के तेरवा दहिगवां गांव के निवासी हैं। ऐसे में अपने ही जिले में कार्यकर्ताओं से संवाद और संपर्क अभियान को लेकर उठे सवाल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। वीरेंद्र मिश्रा 'बाबा' ने अपने बयान में कथित तौर पर उन लोगों पर निशाना साधा, जो हजारों वोट दिलाने के दावे करते हैं, जबकि जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठन में उनकी भागीदारी को लेकर नाराजगी जताई।

चुनाव में जिले के 47,838 स्नातक मतदाताओं के बीच बेरोजगारी, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं की समस्याएं भी अहम मुद्दे बन सकती हैं। युवाओं के बीच डिजिटल लाइब्रेरी, वाचनालय और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि प्रत्याशी के कार्यकाल का आकलन केवल चुनावी संपर्क से नहीं, बल्कि युवाओं के हित में किए गए कार्यों के आधार पर भी होना चाहिए।

एमएलसी विकास निधि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। मतदाता जानना चाहते हैं कि निधि से कितनी राशि उपलब्ध हुई, किन परियोजनाओं को मंजूरी मिली और कितना धन खर्च किया गया। इन सवालों का जवाब आधिकारिक आंकड़ों और परियोजनाओं के विवरण से ही स्पष्ट हो सकता है। हालांकि, निधि के खर्च पर सवाल उठना अपने आप में

एक नजर

चांदा में दुर्गा पूजा पंडालों का एसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए निर्देश

सुलतानपुर। दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को चांदा कस्बे में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी लम्भुआ एवं प्रभारी निरीक्षक चांदा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, सुगम आवागमन तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपी ने पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और पर्व के दौरान सतर्क रहकर ड्यूटी करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे।सुलतानपुर पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद में लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

आमने-सामने दो बाइको की भिडंत लोग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

चांदा ।। दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई । जिससे एक बाइक पर सवार दो लोग व दूसरे बाइक पर सवार एक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा इलाज के लिए ले जाया गया । जहा चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने की स्थिति में जिला मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया । पड़ोस के प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के परदहा सुमेर भाट पट्टी गांव निवासी मालजी तिवारी उम्र 45 वर्ष पुत्र केदारनाथ तिवारी व शनिलेश तिवारी उम्र 40 वर्ष पुत्र राजदेव तिवारी बाइक से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करके देवाढ घाट से अपने घर जा रहे थे । तभी जालपा नहर के पास सामने चांदा की तरफ जा रही राजकुमार यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र रामलीला यादव निवासी सैफाबाद थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ की बाइक से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई । जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया । जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सुल्तानपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।

योगेंद्र उपाध्याय ने कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना, धार्मिक बयानों को लेकर घेरा

शाहाबाद (हरदोई)। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शाहाबाद में पूर्व विधायक स्वर्गीय उपेंद्र तिवारी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी के हिंदू धर्म, वेद-पुराणों से जुड़े बयानों पर सवाल उठाए। वहीं, सपा नेता राजकुमार भाटी की भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर भी समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आरोप लगाया कि सपा अब भगवानों के नाम पर भी विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने अखिलेश यादव के रामराज्य संबंधी दावों पर तंज कसते हुए अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाए जाने की घटना का उल्लेख किया। उनके बयानों से कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों और विपक्ष की विचारधारा को लेकर सियासी चर्चा तेज हो गई।

डायलिसिस करा रहीं शिक्षिका की मौत के बाद उठे सवाल, बेटी ने मांगा न्याय

हरदोई। गंभीर बीमारी से जूझ रही शिक्षिका शाहीन बानो की मौत के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के एक खंड शिक्षा अधिकारी पर प्रताड़ना, अवैध वसूली और धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। संडीला विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय टिमरूख में सहायक अध्यापिका रहीं शाहीन बानो की बेटी साइमा शमीम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, शाहीन बानो पिछले पांच वर्षों से किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं और नियमित डायलिसिस करा रही थीं। बेटी का आरोप है कि असाध्य रोग का प्रमाण पत्र होने के बावजूद उन्हें विद्यालय का चार्ज सौंपा गया। चार्ज से राहत देने और सीसीएल स्वीकृत करने के बदले रुपये मांगने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में दावा किया गया है कि बीईओ के चालक वीरेंद्र सहित अन्य माध्यमों से यूपीआई और नकद के जरिए कई बार हजारों रुपये लिए गए। साइमा शमीम के अनुसार, विद्यालय में आग लगने की कथित घटना को लेकर 21 सितंबर 2026 को उनकी मां को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जबकि वह अवकाश पर थीं। फोन पर एफआईआर की धमकी देने और बीआरसी संडीला बुलाने का दबाव बनाने का भी आरोप है। परिजनों का कहना है कि इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ के चरक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां ब्रेन हैमरेज की पुष्टि हुई। उपचार के दौरान 27 सितंबर 2026 को शाम 5़45 बजे उनकी मौत हो गई। बेटी ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस और बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्य

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है।

हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व दशहरा

अमेठी । जनपद में अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व दशहरा मंगलवार को हर्षोल्लास पूर्वक परंपरागत ढंग से मनाया गया।दशहरा के दौरान जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रामलीला कमेटी की ओर से नगर के रामलीला मैदान में मंचन कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित समय पर किया गया ।श्री रामलीला का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। पात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम काफी रोचक रहा जिसमें मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच संवाद की भी जमकर सराहना की गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पात्र ने अद्भुत मंचन किया। रावण का पात्र भी संवाद के लिए जमकर सराहा गया। श्री राम लीला मंचन कार्यक्रम के कलाकारों ने समा बांध दिया। नगर में श्री राम माता सीता लक्ष्मण जी और हनुमान जी को लेकर रथ जब श्री राम लीला मैदान में पहुंचा जयकारे की गूंज सुनाई पड़ी। उधर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हाथों रावण का वध होते ही जय श्री राम के नारों से मैदान गूंज उठा। दसियों हजार दर्शक जय कारे लगाए।उसके पश्चात पुतला दहन हुआ। इस दौरान नगर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मेले में जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात रहा। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भी जगह जगह दशहरा मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शशांक चौधरी और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान जगदीशपुर कस्बे में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने दशहरा मेला एवं रामलीला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मेला एवं रामलीला स्थल पर श्रद्धालुओं और आमजन की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा इंतजामों के साथ ही अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता का भी जायजा लिया ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।ग्रामीण अंचल में लगे मेलों में भी नागरिकों ने बढ़चढ़कर उत्साह दिखाया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव, जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता आदि की उपस्थिति में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

श्रावस्ती। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया गया। भिनगा, इकौना और जमुनहा क्षेत्रों में रावण के पुतलों का दहन हुआ। जनपद मुख्यालय भिनगा में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी रामलीला कमेटी भिनगा द्वारा रामलीला का आयोजन राजर्षि ठाकुर द्वारा में कराया गया। मंगलवार को दशहरा की शोभा यात्रा जय श्री राम के नारों के साथ अपने पराम्परागत मार्गों से होकर अलक्षेन्द्र इंटर कालेज भिनगा पहुंचा, जहां पहले से मेला जैसा माहौल बना था।

कोइरीपुर में दुर्गा पूजा पंडालो की मूर्तिया हुई विसर्जित

चांदा शरदीय नवरात्रि के समापन के बाद विजयदशमी को कोइरीपुर कस्बा सहित क्षेत्र में स्थापित पूजा पंडालो की प्रतिमाये दोपहर बाद आरक्षित वाहनों पर रख कर गोमती नदी के किनारे बने प्रतिमा विसर्जन स्थल को रवाना हुई। भारी भरकम डीजे बाजे के साथ कस्बा चौक से बड़ी मूर्ति की आरती उतारकर सभी मूर्तियो को रवाना किया गया । कस्बे के जालपा मन्दिर हनुमान मन्दिर होकर रामजानकी मन्दिर से शिवाला चौराहे की तरफ आगे बढ़ी । भक्तिमय गीतों से से सराबोर पूरा कस्बा माँ की विदाई में अपना योगदान दे रहा था । युवाओ के टोलिया डीजे बाजे पर थिकरते हुए आगे बढ़ रहे है । वही पुलिस व पी ए सी के जवान अपने अधिकारियो के साथ काफी मेहनत कर रहे थे । अबीर गुलाल की बौछार से सभी महिला पुरुष रंग बिरंगे हो गये थे। मूर्ति विसर्जन में नगर के सुधीर साहू पूर्व चेयरमैन सौरभ साहू पवन अग्रहरि कुलदीप अग्रहरि विकास जायसवाल विक्कू राहुल अग्रहरि सोनू बरनवाल दद्दू शुक्ल लालमणि अग्रहरि संजय सानु अग्रहरि शुभम आदि लोग जुटे रहे । वही दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक आपसी सामजस्य के साथ सब सकुशल सम्पन्न कराने में नोडल खण्ड विकास अधिकारी प्रतापपुर कमैचा आलोक कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा राज कुमार वर्मा चौकी प्रभारी कोइरीपुर रजत कुमार पाण्डेय के सहयोग की लोगो ने खूब प्रसंशा की । नगर पंचायत कोइरीपुर प्रशासन नगर कर्मचारियों के साथ साफ सफाई को लेकर जुटे रहे पानी टैंकर भी शोभा यात्रा में मौजूद रहा । दोपहर से शुरू हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम रात्रि लगभग नव बजे गोमती नदी के किनारे गुदरा घाट पर सम्पन्न हुआ तब जाकर पुलिस प्रशासन ने जाकर राहत की साँस ली । वही गुदरा घाट पर ही क्षेत्र के सोनावा कसईपुर कालिकागंज बैती आदि गांव की पूजा पंडालो की मुर्तिया भी विसर्जित हुई

प्रतापसहाय वीर बाबा धाम में हुआ महाभंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

चांदा ।। संवाददातानगर पंचायत कोइरीपुर के मोहल्ला विवेक नगर स्थित प्रतापसहाय वीर बाबा धाम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित मां दुर्गा के पूजा पंडाल में धार्मिक अनुष्ठानों के बाद बुधवार को कन्या भोज एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया और मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट की। पूरे आयोजन में भक्तिमय माहौल बना रहा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतापसहाय वीर बाबा धाम में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई थी। नवरात्रि के दिनों में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की आराधना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके उपरांत बुधवार को धाम परिसर में कन्या भोज और महाभंडारे का आयोजन कर धार्मिक कार्यक्रमों का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद महाभंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए मोहल्ले के लोगों के साथ ही क्षेत्र के अन्य श्रद्धालु भी पहुंचे। आयोजन में शामिल लोगों ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए आपसी सहयोग और सहभागिता का परिचय दिया। महाभंडारे को सफल बनाने में संतोष मिश्रा उर्फ खन्ना, सचिन (बिजली विभाग), रामकृष्ण मिश्र, बड़े बाबू, अरुण मिश्रा, राधेश्याम ओझा, इंद्र मोहन ओझा, अर्पित, आलोक, सर्वेश मिश्र, अंकित सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासियों ने सक्रिय सहयोग किया।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि

श्रावस्ती। पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर कर्तव्य पालन के दौरान प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की कानून-व्यवस्था, एकता और अखंडता की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जिले में 9 मतदान केंद्रों पर कल 1099 शिक्षक मतदाता डालेंगे वोट

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन कार्यों के लिए नामित प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को समय से पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं ईंधन की व्यवस्था के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी तथा लेखन सामग्री एवं मतपत्रों से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने को कहा। कंट्रोल रूम की व्यवस्था के संबंध में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए। मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन की शुचिता बनाए रखना तथा मतदान को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जनपद अमेठी में 23 अक्टूबर 2026 को प्रात: 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जनपद में कुल 9 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं जहां 1099 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 854 पुरुष एवं 245 महिला मतदाता शामिल हैं। नौ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों एवं वहां पंजीकृत मतदाताओं का विवरण इस तरह है मतदान केंद्र संख्या 131 क्षेत्र पंचायत कार्यालय जगदीशपुर 165 मतदाता। मतदान केंद्र संख्या 132 क्षेत्र पंचायत कार्यालय जामों 39 मतदाता। मतदान केंद्र संख्या 133 क्षेत्र पंचायत कार्यालय मुसाफिरखाना 123 मतदाता।मतदान केंद्र संख्या 134 तहसील कार्यालय भवन गौरीगंज 180 मतदाता। मतदान केंद्र संख्या 135 तहसील कार्यालय भवन अमेठी 307 मतदाता। मतदान केंद्र संख्या 136 क्षेत्र पंचायत कार्यालय भादर 95 मतदाता।